# नकुलनाथ के नेतृत्व में होगा आज किसान आंदोलन

## यूरिया की कमी को लेकर और भाजपा की नीतियों के विरोध में एकत्र हो रहे है प्रदेश भर के कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

**जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन हुआ। आगमन उपरांत उपस्थित कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।**





कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने उनकी अगवानी की। ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर उपस्थित मीडिया के साथियों ने नकुलनाथ से खाद की कमी एवं किसान बचाओ आंदोलन को लेकर प्रश्न किया जिसके प्रत्युत्तर में उन्होंने कहा कि यह स्थिति केवल छिन्दवाड़ा की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है। किसानों में आक्रोश है, यह केवल किसान बचाओ नहीं बल्कि वोट बचाओ, प्रदेश बचाओ व देश बचाओ आंदोलन है। किसानों की आवाज तो उठेगी ही साथ ही महिलाओं की, आदिवासी भाइयों की व युवाओं के साथ ही भाजपा सरकार से प्रताड़ित समाज के हर वर्ग की आवाज 20 अगस्त 2025 दिन बुधवार को जेल बगीचा मैदान पर आयोजित किसान बचाओ आंदोलन में उठेगी। समाज के हर वर्ग के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है। जिस तरह से भाजपा की दमनकारी नीतियां चल रही है उससे हर कोई शोषित व प्रताड़ित है, आमजन में डर व भय का माहौल बना हुआ है उसे समाप्त करने के लिए यह आंदोलन किया जा रहा है।

### वोट की चोरी सच है

नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा वोट की चोरी को उजागर किए जाने को लेकर नकुलनाथ ने कहा कि राहुल जी सच कह रहे हैं, वोट की चोरी हुई है। भाजपा की सरकार वोट की चोरी से ही बनी है, कांग्रेस वोट चोरी को रोकने जा रही है। अभी तक राहुल जी के द्वारा प्रस्तुत सबूतों ने यह साफ कर दिया है कि भाजपा ने वोट की चोरी कर सरकार बनाई है।



### नकुलनाथ ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल से की भेंट

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने अपने व्यस्तम दौरे के बीच जिला अस्पताल पहुंचकर खाद लेने पहुंची घायल महिला किसान से भेंट की साथ ही उनका हाल-चाल जाना एवं समुचित उपचार के सम्बंध में चर्चा की। विदित हो कि दिनांक 18 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को परासिया रोड स्थित डीएमओ कार्यालय से खाद लेने पहुंची महिला किसान भाजपा सरकार के द्वारा किसानों पर किए जा रहे अत्याचार व अन्याय पूर्ण व्यवहार का शिकार हो गई। खाद लेने पहुंची महिला किसान को पहले तो खाद नहीं मिला ऊपर से वह पुलिस व प्रशासन के द्वारा किए गए बल प्रयोग के चलते घायल हो गई। उन्हें जिला अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। माननीय नकुलनाथ जी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल महिला किसान से चर्चा की साथ ही उन्हें आश्वस्त कराया कि कांग्रेस उनके हक व अधिकार की पूरी लड़ाई लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

### आज होगा विशाल किसान बचाओ आंदोलन

किसानों के हक, अधिकार व जन-जन के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए आज दिनांक 20 अगस्त 2025 दिन बुधवार को स्थानीय जेल बगीचा मैदान पर किसान बचाओ आंदोलन होगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार आयोजित आंदोलन का नेतृत्व जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी करेंगे। आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सुश्री विजय लक्ष्मी साधो व श्री ओमकार मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण प्रातः 11.30 बजे जेल बगीचा मैदान पहुंचेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री ओकटे ने समस्त किसान भाइयों, माताओं, बहनों व युवा साथियों के साथ ही जन-जन से उक्त आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

## नपाध्यक्ष ने सीएम राइज (संदीपनी) स्कूल का किया निरीक्षण



**परासिया :** परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने मंगलवार को पेंच व्हेली ग्राउंड के समीप बन रहे सी एम राइज (संदीपनी) स्कूल का निरिक्षण किया । उन्होंने निर्माण में चल रही देरी को लेकर नाराजगी जताई । साथ ही इसकी शिकायत शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सहित सांसद विवेक बंटी साहू और कलेक्टर से की है ।उन्होंने शिकायत में कहा है, कि परासिया में सीएम राईज सांदिपनी विघालय भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसका 19 अगस्त 2025 का मेरे द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण में पाया गया , कि समयावधि बीतने के बाद भी भवन का कार्य अपूर्ण है । मार्च तक इस भवन का निर्माण पूरा कर लिया जाना था , लेकिन भवन का काम पूरा नहीं किया गया । बताया जा रहा है , कि निर्माण एजेंसी ने सितंबर 2025 तक का समय बढ़ा लिया है ।भवन निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से किया जा रहा है । कार्य की गति से लगता है , कि भवन सितंबर तक भी पूरा नहीं हो पाएगा । सीएम राईज स्कूल भवन का निर्माण कार्य भवन विकास निगम के द्वारा किया जा रहा है । 19 जुलाई 2025 को उनके द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कोई जिम्मेदार और तकनिकी व्यक्ति साईट पर मौजूद नहीं मिला । उक्त शाला भवन शासन की महत्वकांक्षी योजना है । समय पर भवन निर्माण नहीं होने से सैकडो विद्यार्थियों को परेशान होना पड रहा है । तीन अलग अलग जगह शाला का संचालन किया जा रहा है । अध्यक्ष श्री मालवीय नेशिक्षा मंत्री सांसद और कलेक्टर से मांग की है , कि संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य समय पर पूर करने के लिए निर्देशित किया जाए । जिससे सरकार की महत्वकांक्षी और महत्वपूर्ण योजन का लाभ विधार्थियों को मिल सकें ।

## आबकारी दल ने अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमार कर्रवाई

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में और जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में आबकारी अमले द्वारा आज छिंदवाड़ा शहर के अलग-अलग स्थानों जिनमें पातालेश्वर, वंशकार मोहल्ला, बोहता, सोनपुर मल्टी, पाठाढाना, भरतादेव, चंदनगांव, क्षेत्र सम्मिलित है, उनमें दबिश देने पर विभिन्न आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में बारह पेटी अवैध देशी-विदेशी मदिरा बरामद की गई। आरोपियों में विनोद रामभरोस, सरिता लोकेश मर्सकोले, मुकेश भोजने, सालकराम माहोरे के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शकैलाशचंद्र चौहान, गौरव पांडेय व आबकारी उपनिरीक्षक आकाश मेश्राम के साथ ही अन्य आबकारी अमला उपस्थित रहा।

### नागरिकों के सुझावों पर होगा अमल

## विश्वप्रसिद्ध गोटमार मेला पांढुर्ना की गौरवशाली परंपराः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

गोटमार यह पांढुर्ना की गौरवशाली परंपरा है और पूरे विश्व में जाना जाता है। इस परंपरा का गौरव कायम रखना पांढुर्ना के नागरिकों का कर्तव्य है। इसके लिए गोटमार मेला स्थल के ईर्द-गिर्द बसे लोगों ने अपने मकानों पर चढकर गोटमार करने वाले और गोफन चलाने वालों को रोकना चाहिए। आगामी 23 अगस्त शनिवार को नगर में होनेवाले विश्वप्रसिद्ध गोटमार मेला को लेकर आज संपन्न बैठक में कलेक्टर अजय देव शर्मा ने उक्त वक्तव्य देते हुए कहा कि मेले का झंडा शाम तक नहीं टूटने की स्थिति में सावरगांव एवं पांढुर्ना दोनों पक्षों के नागरिकों ने आपसी सामंजस्य और तालमेल बनाकर मेला समाप्त करना चाहिए। आज की बैठक में एसपी सुंदरसिंह कनेश, एडिशनल एसपी, नीरज सोनी, एडीएम श्री अग्निहोत्री, एसडीएम अलका एक्का, एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव, जनपद सीईओ बिंदू सूर्यवंशी, तहसीलदार विनय ठाकुर, थाना प्रभारी अजय मरकाम, सीएमओ आर.के. इवनाती, नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छांगानी तथा नपा उपाध्यक्ष ताहीर पटेल के अलावा अनेक उपस्थित थे।

कलेक्टर अजय देव शर्मा ने बताया कि हमारे छात्र जीवन में कलेक्टर बनने के लिए दी जानेवाली परीक्षाओं में गोटमार मेला कहा होता है ? यह सवाल पूछा जाता था। तब मैने सोचा नहीं था कि मुझे पांढुर्ना जिले का कलेक्टर बनकर गोटमार मेले का प्रबंधन देखना होगा। कलेक्टर महोदय ने आम जनता के सुझावों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक ध्यान दिए जाने का आश्वासन दिया। इन्होंने गोटमार मेले के दौरान गोफन पूर्णतः प्रतिबंधित होने की बात कही।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने किया गोटमार स्थल का निरीक्षण

आज दोपहर 3 बजे कलेक्टर अजय देव शर्मा, जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश और एडिशन एसपी नीरज सोनी के अलावा जिले के समस्त वरिष्ठ अधिकारियों ने गोटमार स्थल का दौरा का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि आगामी 23 अगस्त शनिवार को यहां विश्वप्रसिद्ध गोटमार मेला संपन्न होने जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोदय ने अधिनस्थ अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत नगरपालिका के सभाकक्ष में जिले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ गोटमार मेले को लेकर एक बैठक ली। इस बैठक में आगामी गोटमार मेला सफलतापूर्वक मनाए जाने के लिए कलेक्टर महोदय ने उपस्थित अधिकारियों से चर्चा कर मेला स्थल पर सुरक्षा, मेला स्थल पर घायलों को तत्काल उपचार मिलने बाबत, मेला स्थल पर बाहर से आनेवाले हजारों यात्रियों के आवागमन के लिए उचित रास्ते और सुरक्षा प्रदान करने, मेले में लगनेवाली दुकानों का स्थान तथा अन्य जरूरी मुद्दों को लेकर समीक्षा की। गोटमार स्थल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोदय के साथ एसपी सुंदरसिंह कनेश, एडिशनल एसपी, नीरज सोनी, एडीएम श्री अग्निहोत्री, एसडीएम अलका एक्का, एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव, जनपद सीईओ बिंदू सूर्यवंशी, तहसीलदार विनय ठाकुर, थाना प्रभारी अजय मरकाम, सीएमओ आर.के. इवनाती, नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छांगानी तथा नपा उपाध्यक्ष ताहीर पटेल के अलावा अनेक उपस्थित थे।





## नेताप्रतिपक्ष के नेतृत्व में सीएमओ को दिया गया ज्ञापन
# दुर्घटनाओं का कारण बन रहे सड़क पर बैठे जानवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



सड़क पर जानवरों की मौजूदगी , दुर्घटना का कारण बन रही है , यह समस्या केवल परासिया शहर की नहीं है , बल्कि न्यूटन , चांदामेटा , बड़कुही , उमरेठ में भी है । जिस समस्या से निजात के लिए नपा परासिया में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर के नेतृत्व में जागरूक युवाओं ने सी एम ओ को ज्ञापन सौंपा है ।वीर बहादुर का कहना है , कि आए दिन शहर में आवरा पशुओं के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं । जिससे लोगों को जान - माल का नुक़सान हो रहा है । शहर के मेन रोड , गलियों , वार्ड , बाजारों में आवारा पशु धुमते रहते हैं । चाहे वह आवरा जानवर जिसमें कुत्ते भी है , लगातार आमजन लोगों को भारी नुक्सान पहुंचा रहे हैं । लगातार आमजनों द्वारा इसकी शिकायत की जा रही मगर कोई सुधार नहीं हो रहा है । जिसके चलते नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में शहर के युवाओं ने एसडीएम के नाम पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी भरत गजबे को ज्ञापन सौंपा गया है । उन्होंने कहा , कि मेन रोड चाहे छिन्दवाड़ा पिपरिया जुन्नादेव रोड पर बीच रोड में आवारा पशु बैठे रहते जिससे वाहन से दुर्धटनाए हो रही । वह आपस में लड़कर दुकानदारों और राहगीरों को नुक्सान पहुंचा रहे हैं । ज्ञापन नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह , नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वप्निल करानिया , धीरज पंदराम , मौनिशा मालवीय , विवेक धुर्वे , अनिल रघुवंशी , विनय यादव , पवन बुनकर , लोकेश यादव , विजय चौहान , धनश्याम साहू , अनुपम धुर्वे सहित अन्य साथियों के द्वारा दिया गया ।

## बलराम जयंती का हुआ आयोजन, विद्वानों ने दिए बखान

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बलराम जयंती का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके तांडेकर के मार्गदर्शन में एवं आईक्यूएसी एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉ संगीता वॉशिंगटन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बलराम जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर किया गया। प्रो. मनोज मालवीय ने अपने उद्बोधन में बलराम जी के जन्म एवं



उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला साथ ही डॉ कैलाश गाकरे ने बलराम के जीवन पर पौराणिक कथाओं के माध्यम से उनके बलशाली होने की बात कही। अंत में प्राचार्य डॉ तांडेकर ने बलराम के सत्य मार्ग को अपनाने की बात कही। मंच संचालन कर रही डॉक्टर संगीता वाशिंगटन ने बलराम जी के संपूर्ण कृतित्व का बखान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आरके चंदेल, डॉ रश्मि नागवंशी, डॉ एसके शेण्डे, खेल अधिकारी नीरज पाल, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद आबिद सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

## जनप्रतिनिधियों ने सांदीपनि उत्कृष्ट स्कूल का किया निरीक्षण



**सौंसर।** शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनने जा रहा सांदीपनि षासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का नवनिर्मित भवन अब पूरीतरह बनकर तैयार हो गया है। करोडो की लागत से निर्मित यह भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और षीघ्र ही इसका लोकार्पण किया जायेगा। सोमवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,एसडीएम सिद्धार्थ पटेल के साथ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सुरेखा डागा, सहायक संचालक रष्मि कुसरे,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चैनसा यादव, सीएम राईस स्कूल प्राचार्य श्रीमती षैलजा बतरा, उपप्राचार्य संजय गवनेकर, भाजपा नेता इंदरचंद्र डागा, एनआईपीएल के डायरेक्टर गोपाल षर्मा उपस्थित थे। निरीक्षण में बच्चों की बैठक व्यवस्था, गेम परिसर, भोजन निर्माण, वितरण कक्ष, सुलभ कॉम्पलेक्स के अलावा अन्य सुविधायें देखी। इस दौरानएसडीएम श्री पटेल ने अधिकारियों की बैठक लेकर विद्यालय संचालन हेतू विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देष दिये। इस विद्यालय में कक्षा 1 से बारहवी तक का अध्यापन एक भी भवन में संचालित होगा। आधुनिक कक्षाओं, पुस्ताकलय, प्रयोगषाल और डिजिटल सुविधाओं से युक्त यह परिसर विद्यार्थियों को बेहतर षैक्षणिक माहौल प्रदान करेगा।

## 24 को होगी भारतीय बौद्ध महासभा की बैठक, पांढुर्णा जिले की ग्रामीण शहरी इकाइयों का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

बीते दिनों संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा स्थापित भारतीय बौद्ध महासभा डॉ राजरत्न आंबेडकर संस्था के सर्वसम्मति से पूर्व बीएमओ डॉ अशोक भगत को पांढुर्णा जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके बाद में श्री भगत के द्वारा पांढुर्णा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क करते हुए संगठन का विस्तार किया जा रहा है।मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुएभारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजरतन अंबेडकर, प्रदेश अध्यक्ष एस.बी सोनटके के साथ 17 अगस्त को नागपुर में आयोजित समारोह में बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। संगठन के विस्तार को लेकर 24 अगस्त रविवार को दोपहर 12:30 बजे धम्मदीप बुद्ध विहार सावरगांव पांढुर्ना मे ग्राम, नगर, तहसील तथा जिला पांढूरना कार्यकारिणीके गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पांढुर्णा जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन के विस्तार, समाज बंधुओ को संगठन से जोड़ना सदस्यता अभियान आदि को लेकर चर्चा एवं नई ग्रामीण शहरी कार्यकारिणियों का गठन किया जाएगा। श्री भगत के द्वारा सभी तथागत बुद्ध तथा डॉ बाबासाहेब अंबेडकर को मानने वालेपांढुर्णा जिले के सभी लोगों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सुझाव एवं बाबा साहब अंबेडकर तथागत बुद्ध के मिशन को आगे बढ़ाने में सहयोग देने की अपील की है।

## वसुधैव कुटुंबकम अवधारणा पर आधारित कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जुन्नारदेव। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में 19 अगस्त 2025 मंगलवार को मध्य प्रदेश शासन के वार्षिक कैलेंडर अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वसुधैव कुटुंबकम कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉक्टर संगीता वाशिंगटन के निर्देशन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज से भी मोहम्मद ताहिर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके द्वारा संदेश दिया गया कि जिस तरह महाविद्यालय परिवार संगठित है इसी तरह हर विद्यार्थी को अपने परिवार में संगठित रहकर उसे बिखरने नहीं देना चाहिए बल्कि उसे एकता के सूत्र में बांधे रखना चाहिए यही भारतीय संस्कृति है। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर संगीता वाशिंगटन द्वारा कहां गया कि मानवता सहिष्णुता मानवीय सहिष्णुता और वैश्विक शांति के लिए वसुधैव कुटुंबकम एक मजबूत आधार बनती है यह एक जीवन की ऐसी दृष्टि है जो हमें सिखाती है की संपूर्ण धरती और उसे पर बसने वाले सभी जीव वास्तव में एक परिवार का सदस्य है और हमें सबके लिए समान प्रेम दया और सम्मान का भाव रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विश्व शांति एवं सौहार्द विषय पर पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# जन्माष्टमी पर रैली का दमुआ बेरियर क्षेत्र में हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दिनांक 17 अगस्त दिन रविवार को यदवुंशी समाज युवा एकमा समिति दमुआ, रामपुर के यदुवंशी समाज के स्वजातीय बन्धुओ द्वारा एक विशाल रैली निकाली गई रैली दमुआ रामपुर सहित दमुआ शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए माईनस चौक, नंदन चौक श्री खेडापति माता मंदिर , दमुआ नं. 8 होते हुये रैली दमुआ बेरियर क्षेत्र पहुंची जहां रैली का भव्य स्वागत श्री कृष्णा दूध डेयरी सेंटर दमुआ के प्रो. अनुज कातुलकर मित्र मण्डली द्वारा भव्य स्वागत किया गया विशाल रैली का स्वागत दूध, दही, छाछ, मही आदि से कांउटर सजाया गया और विशाल रैली में शामिल कृष्ण जी के भक्त श्रद्धालुओं यदुवंशी समाज के स्वाजतीय बन्धुओ एवं सभी जनो को दूध दही मही , छाछ पिलाया गया कृष्ण जी की लीला ऐसी रही कि दमुआ बेरियर क्षेत्र पहुंचतेही रैली के समय भारी बरसात भी होते रही और रैली में शामिल सभी युवा साथीगण डी.जे. सांउड के साथ नाचते गाते थिरकते नजर आये तत्पश्चात विशाल रैली मुख्य मार्ग होते हुए दमुआ का भ्रमण करते हुए इंदिरा चौक के रास्ते जुन्नारदेव की ओर पहुंची।

## भजन मण्डलियों को बांटे पुरूस्कार

**दमुआ।** प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी दुर्गा मंदिर गुजरी बाजार दमुआ परिसर में श्री दुर्गा मंदिर समिति दमुआ के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दो दिवसीय कार्यक्रम दिनांक 16 अगस्त दिन शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया जिसमें भारी संख्या में भक्त श्रद्धालुजन, व्यापारी बन्धु मंदिर समिति दमुआ के सदस्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत दिनांक 17 अगस्त दिन रविवार को इक्का भजन कीर्तन प्रतियोगिता में नृत्य शैलीा वेशभूषा गायन शैली साज सज्जा इक्का भजन कीर्तन प्रतियोगिता रखी गई जहां प्रथम, द्धितीय, तृतीय नम्बर पर आये इक्का भजन मण्डलोको पुष्स्कृत भी किया गया उक्त कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनप्रतिनिधिगण, सामज सेवाी, गणमान्य नागरिकगण पत्रकार बन्धुओ व्यापारी मण्डल अध्यक्ष श्री नरेन्द्रसिंह राजपल, श्री विनोद निरापुरे, छोटू पाठक लखन पण्डोले, दीन साहू, छविलाल मालवीय, जय माण्डवार, पत्रकार बन्धुओ में दुर्गासिंह राजपूत, हेमराज गाठे,राकेश खातरकर, गुलाब वरवडे रमेश सहित श्री दुर्गा मंदिर समिति दमुआ के श्री प्रिंस राजपाल मंदिर समिति टीम के समस्त सदस्य उपस्थित थे जिन्होने भजन मण्डलियो को पुरूस्कृत भी किया जिसमें प्रथमजयसिंगा भजन मण्डली , सुकरी जुन्नारदेव, द्धितीय धनगौरी भजन मण्डली ढाकरवाडी, तृतीय जय बजरंग मण्डल, तथा निणार्यक मण्डल के सदस्यों, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनप्रतिनिधियों , संयुक्त रूप से उपस्थित पत्रकार बन्धुओ में दुर्गासिंह राजपूत को भी सम्मानित किया गया।

## सफलता के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण आवश्यक है- मुस्कान
# कटंगी के गांव की बेटी बनेगी डॉक्टर



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है. यहां की प्रतिभाओं ने समय-समय पर अपनी प्रतिभा का लोहा जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया है. अब ऐसी ही एक प्रतिभा कटंगी के छोटे से महदुली गांव से सामने आई है. मुस्कान डोंगरे नाम की युवती ने ना सिर्फ अपने परिवार बल्कि गांव का नाम रोशन किया है. शिक्षक पिता सरोज डोंगरे और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता माता विमता डोंगरे की पुत्री मुस्कान डोंगरे अब सरकारी कॉलेज से मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बनेगी. मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 18 अगस्त को एमपी नीट यूजी काउंसलिंग के पहले राउंड का सीट अलॉटमेंट रिजल्ट जारी कर दिया है. मध्य प्रदेश में 4343 वीं रैंक हासिल करने वाली मुस्कान डोंगरे को शहडोल के बिरसा मुंडा कॉलेज में सीट अलॉट हुई है. मुस्कान की इस उपलब्धि पर परिजनों सहित ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल है. दरअसल, महदुली गांव में पहली बार कोई बेटी डॉक्टर बनने जा रही है. मुस्कान के माता-पिता अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे है. मुस्कान ने चर्चा करते हुए बताया कि उनका सपना था कि वह डॉक्टर बने. जिसकी प्रेरणा उनकी बुंआ की बेटी यानी बड़ी बहन डॉ रोशनी नागदेवे से मिली. वह कहती है कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण आवश्यक है कई बार नीट की तैयारी करते हुए हताश हो जाया करती थी तो परिवार से हौसला अफजाई की जाती और तैयारी के लिए प्रेरित किया जाता. मुस्कान अपनी इस सफलता का अपने परिजनों और गुरुओं को श्रेय देती है. मुस्कान की मां अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर भावुक होते हुए कहती है कि उनकी बेटी डॉक्टर बनकर उनके परिवार का नाम रोशन करेगी।

## भारतीय किसान संघ ने मनाई बलराम जयंती
### 8 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** भारतीय किसान संघ ने मंगलवार 19 अगसत को कटंगी में पाथरवाड़ा रोड़ स्थित कार्यालय में भगवान बलराम जयंती मनाई. जिसमें किसान संघ अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, महामंत्री सुरेश बिसेन, प्रीतम खटवानी सहित अन्य अतिथि रहे. अतिथियों ने भगवान बलराम के जन्म और चरित्र पर प्रकाश डाला और बताया कि पूरा देश भगवान बलराम की जयंती को किसान दिवस के रूप में मना रहा है. दोपहर 03 बजे भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने किसानों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर 08 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार राकेश प्रजापति को ज्ञापन सौंपा. संघ ने कृषि उपज का लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य तय किए जाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसान हितैषी बनाने, नीति परिवर्तन के लिए केंद्रीय स्तर पर केंद्रीय कृषि मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी का गठन करने और इसमें संघ के पदाधिकारियों को शमिल करने और कमेटी की रिपोर्ट आगामी खरीफ और रबी के समय लागू करने, सभी फसलों की खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित करने और लागत को जोड़ने की पद्वति में पारदर्शिता की मांग की गई।

भारतीय किसान संघ ने कृषि को मनरेगा से जोड़ने, प्रत्येक विकासखंड, तहसील और मंडी स्तर पर खाद, दवाईओं की जांच कराने के लिए लैब की स्थापना, किसानों की कृषि भूमि में निर्मित कुएं और बोरवेल को राजस्व अभिलेख में दर्ज करवाने, जंगली जानवरों से फसलों की बर्बादी पर क्षतिपूर्ति दिए जाने, किसानों को फेंसिग के लिए अनुदान की राशि दिए जाने, वर्तमान में जो स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है उनमें तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है. इस दौरान नंदकिशोर बोपचे, किरण ठाकरे, महेन्द्र भगत, सेवाराम पटले, तकतमल राहंगडाले, रमेश देशमुख, महेश कुमार पारधी, खुशालचंद बावने, संपत हांके, गिरीश चौधरी, रामकिशोर बोपचे, धनसिंह पटले, शिव प्रसाद पटले, ईश्वरी प्रसाद बिसेन, गजेश बोपचे सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# साइबर अपराध से बचाव के लिए छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

### *शासकीय महाविद्यालय लांजी में साइबर अपराध के बारे में कार्यशाला का आयोजन*



हरिभूमि न्यूज लांजी।

शासकीय महाविद्यालय लांजी में पुलिस प्रशासन लांजी द्वारा साइबर अपराध के कारण और निवारण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और साइबर अपराध के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में पुलिस प्रशासन लांजी के अधिकारियों ने साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध एक गंभीर समस्या है और इसके बारे में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य आर.आर. सोनवाने ने कहा कि साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए यह कार्यशाला एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस कार्यशाला में पुलिस प्रशासन लांजी के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्नलिखित सुझाव दिए अपने ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें।. अपने कंप्यूटर और मोबाइल फ ोन को सुरक्षित रखें। अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें।, अपने व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखें।, साइबर अपराध की रिपोर्ट करने के लिए तुरंत पुलिस को सूचित करें।

इस कार्यशाला का उद्देश्य साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलाना और छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में बताना था। इस अवसर पर अजय कुमार नामदेव साइबर सेल बालाघाट, तोपसिंह उईके, सुरेंद्र कुमार चिखले, सुभाष देवारे, डालेश कुमार, पवन धाकड़, अंजली सोनी, जया कछवाहा, चांदनी शांडिल्य, ललित कामड़े एवं लांजी महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली ने बच्चों को शिक्षण सामग्री व मिठाई का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली बालाघाट के द्वारा स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री और मिठाइयां वितरित की गई इस दौरान शिक्षण सामग्री वितरित कर उनकी जरूरत को पूरा किया गया तथा उनके जीवन में खुशी और उत्साह का माहौल बना दिया । इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह झलक रही थी तथा शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों का उत्साह और बढ़ गया । रक्तदान महादान सेवा समिति का उद्देश्य बच्चों के जीवन में शिक्षा की ज्योति जगाना है व वंचित बच्चों तक शिक्षा से जुड़ी सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाना समिति का उद्देश्य है ताकी हर बच्चा शिक्षा के अवसर से लाभान्वित हो इस दौरान भरवेली के स्थाई लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की और समाज के लिए प्रेरणादायक बताया वही समिति की यह सोच है कि बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करें जिससे भविष्य में अपने परिवार का और गांव का नाम रोशन करें ।

# एक अनोखा पेड़ है जो अपने औषधीय गुणों और विशिष्ट रूप के लिए जाना जाता है



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** श्रीमती नेहा श्रीवास्तव वनमण्डलाधिकारी उत्तर बालाघाट (सामान्य) के निर्देशन एवं श्री तरुण कुमार डेहरिया, उपवनमंडलाधिकारी उकवा (सामान्य) के मार्गदर्शन में उकवा क्षेत्र में एवं विशेष प्रकार के इमली के पौधे का रोपण कार्य किया जा रहा है, जिसे माण्डू इमली या खुरासानी इमली कहते है।क्या आप जानते हैं कि खुरासानी इमली क्या होती है? कैसी दिखती है? आइए इसके बारे में आपको जानकारी देते है। मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान और मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड के परस्पर सहयोग से इसके पेड़ों के संरक्षण का ठोस प्रयास किया जा रहा है. इसका वनस्पतिक नाम है- एडनसोनिया डिजिटाटा या अफ्रीकी बाओबाब है। यह बाओबाब जाति की सबसे व्यापक रूप से फैली हुई वृक्ष प्रजाति है। यह अफ्रीकी महाद्वीप और दक्षिणी अरब प्रायद्वीप यानी यमन ओमान क्षेत्र का मूल प्रजाति है। यह एक बड़े गोल क्षेत्रयुक्त वृक्ष होते हैं। यह लंबे समय तक जीवित रहने वाले वृक्ष है। श्रीमान वन मंडल अधिकारी महोदया के प्रयास से बालाघाट क्षेत्र में भी इस पौधे को लगाकर इसके संरक्षण का प्रयास किया जा रहा है। परिक्षेत्र अंतर्गत विशेष प्रकार के 4 पौधों का रोपण किया गया है, जिनको अनुकूल वातावरण मिलने से ये पौधे का संरक्षण हो पाया तो निश्चित तौर पर क्षेत्र के लिए बहुत ही अच्छी बात होगी। आशूतोष सिंह वनक्षेत्रपाल, राजेन्द्र कुमार गनवीर, महेश कुमार चौरे, विनोद कुमार चैरे, सदाशिव आमाडारे, कमलसिंह वायाम, कन्हैयालाल मड़ावी, अरविंद कुमार कडुकर, प्रकाश भलावी, रूपसिंह मरकाम, राजेश कुमार रोकड़े, बजारीसिंह ठाकरे, गजेन्द्रसिंह उयके, राहुल धूर्वे, धम्मदीप रोकडे, सचिन पदमे, नवेद पाशा, कामरान अली, कमलेश मसराम, अरूण बर्वे, पंकज शरणागत, प्रशांत चैरसिया उपस्थिति रही।

## छत्तीसगढ़ी वेशभूषा पहनने पर अंजली को मिला प्रथम स्थान
# कृषि महाविद्यालय में किया गया पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** कृषि महाविद्यालय मुरझड़ फार्म वारासिवनी में महामहिम राज्यपाल के आदेशानुसार एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर सांस्कृतिक श्रंखलाओं के आयोजन के तहत पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें छात्रों को भारत के विभिन्न राज्यों की अलग-अलग वेशभूषा में प्रस्तुति देनी थी। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि महाविद्यालय के




अधिष्ठाता डॉ घनश्याम देशमुख की उपस्थिति में किया गया। यह प्रतियोगिता भारत में अनेकता में एकता के प्रतीक को दर्शाती है। कार्यक्रम में प्रथम वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, मणिपुर, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, बिहार, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, ब्रज, तमिलनाडु राज्य की प्रस्तुति दी गई। मध्यप्रदेश राज्य मध्य में होने के कारण यहाँ विभिन्न राज्यों की संस्कृति को देखा जा सकता है। इसलिये छात्राओं द्वारा मण्डला जिले के आदिवासी समुदाय की संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रा कु अंजली मरावी ने छत्तीसगढ़ राज्य की वेशभूषा को प्रस्तुत किया, जिसमें छात्रा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छात्रा जयश्री पटेल एवं आस्था उइके को तमिलनाडु राज्य की प्रस्तुति पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय चैम्पियन ट्राफी फुटबाल प्रतियोगिता 29 अगस्त 2025 से प्रारंभ होगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला फुटबाल संघ सिवनी द्वारा विगत वर्षो की भाति इस वर्ष भी जिला स्तरीय चैम्पियन ट्राफी फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 2 चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में 17 वर्ष से कम आयु समूह के बालकों की फुटबाल प्रतियोगिता होगी जिसमें 1 अप्रैल 2008 के पश्चात जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में किसी भी आयु समूह के जिले के निवासी खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। इस संबंध में व्हाटसप गुरप में सूचना प्रेषित की गई है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 25.08.2025 नियत की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु सचिव जिला फुटबाल संघ से स्टेडियम में प्रातः 7:00 से 10:00 एवं सायं 4:00 से 7:00 संपर्क किया जा सकता है।

### राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की बैठक 22 को आयोजित प्रदेश अध्यक्ष सम्मिलित होगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की जिला कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक दिनांक 22 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में आयोजित की गई है।

इस बैठक में राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ मोना कौरव एवं संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री व सिवनी जिले के सह प्रभारी श्री विवेक अवस्थी जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त अध्यक्ष माननीय श्री नरेश मरावी का संगठन की ओर से स्वागत किया जावेगा। उकताशय की जानकारी देते हुए राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला सिवनी के अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्री दुपेंद्र अमूले ने आरजीपीआरएस के समस्त कार्यकर्ता साथियों एवं कांग्रेस के साथियों से इस अवसर पर उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## उपयंत्री व ठेकेदार की मिलीभगत के चलते ग्वारी हाईस्कूल के बाउंड्रीवॉल में हो रहा भ्रष्टाचार, गुणवत्ताविहीन सामग्री का हो रहा उपयोग

# ठेकेदार के स्वार्थ की बलि चढ़ रही ग्वारी हाई स्कूल की बाउंड्रीवॉल

एक और बड़े-बड़े मंचों से आम जनता को आश्वासन दिया जाता है कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश हम बनाएंगे लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ नहीं होता यह सिर्फ कागजों में और भोली भाली जनता को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए बोला जाता है ऐसा ही कुछ देखने को मिला शासकीय हाई स्कूल में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य पर जहां पर ठेकेदार के द्वारा खुला भ्रष्टाचार देखने को मिला रेत का प्रयोग नहीं लेवल कहीं का कही जिस मात्रा के अनुसार सामग्री का प्रयोग होना था उसे मात्रा में सामग्री का प्रयोग नहीं और बाउंड्री वॉल बनाकर तैयार हो रही है

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**सिवनी जिले की जनपद पंचायत धनोरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम ग्वारी के शासकीय हाई स्कूल में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसमे ना रेत का उपयोग किया जा रहा है और न ही उचित गुडवत्ता की सीमेंट का उपयोग किया जा रहा । बल्कि रेत के स्थान में डस्ट और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है।** मध्य प्रदेश सरकार नित्य नई योजनाएं लागू कर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधार करने तथा व्यवस्थाएं के प्रति जवाब देह रवैया अपनाते हुए कई विकास कार्य करा रहे हैं जिससे छात्र-छात्राओं को अवस्थाओं का सामना न करना पड़े किंतु आदिम जाति कल्याण विभाग हाई स्कूल ग्वारी में स्वीकृत बाउंड्री वॉल ठेकेदार ब उपयंत्री की अर्थ लिप्सा की बली चढ़ रही है।



बाउंड्रीवॉल मे भ्रष्टाचार करते हुए गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार सुनील



डेहरिया का सहायक आयुक्त से मधुर सम्बन्ध के चलते बेझिझक गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है ।

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज व कल सिवनी जिले के प्रवास में रहेंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल दिनांक 19 से 21 अगस्त 2025 तक मंडला, सिवनी एवं बालाघाट जिलों के प्रवास पर रहेंगे। इसी क्रम में राज्यपाल 20 एवं 21 अगस्त को सिवनी जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल मंगुभाई पटेल 20 अगस्त को मंडला जिले में आयोजित कार्यक्रमों शामिल होने के उपरांत दोपहर 02 बजे सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड के ग्राम झोला पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों से संवाद करेंगे तथा ग्राम भ्रमण कर विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 02.45 को ग्राम झोला से सर्किट हाउस सिवनी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस सिवनी में करेंगे।

दिनांक 21 अगस्त को राज्यपाल श्री पटेल सिवनी जिले के कुरई विकासखंड स्थित ग्राम थांवारझोडी का भ्रमण करेंगे। प्रातः 9.45 से 11.15 बजे तक वे ग्रामवासियों से भेंट करेंगे तथा स्कूल, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन सहित अन्य शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण के साथ ही शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

## विशेष ट्रेन से 864 श्रद्धालु करेंगे रामलला के दर्शन

# 21 अगस्त को तीन बजे सिवनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी विधान सभा के विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रयास से 21 अगस्त को दोपहर तीन बजे सिवनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए विशेष ट्रेन रवाना होगी। इस विशेष ट्रेन में 864 श्रद्धालु यात्रा कर रामलला के दर्शन कर सकेंगे। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बताया कि यह यात्रा कुंभ के दौरान होने वाली थी लेकिन उस समय विशेष ट्रेन की अनुमति नहीं मिली सकी।

सांसद भारती पारधी के प्रयास से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा करने के बाद 21 अगस्त को सिवनी रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए विशेष ट्रेन की अनुमति मिली।

उन्होंने बताया कि इस विशेष ट्रेन में केवल 864 के अलावा कोई भी



सफर नहीं कर सकेगा। जाने वाले श्रद्धालुओं की सूची तैयार हो चुकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि यह विशेष ट्रेन केवल 21 अगस्त को ही चलेगी। 21 अगस्त को दोपहर 2.30 बजे तक अयोध्या धाम जाने वाले श्रद्धालु ट्रेन में बैठ जाएंगे और तीन बजे यह ट्रेन रवाना हो जाएगी। विधायक श्री राय ने बताया है कि सिवनी से रवाना होने के बाद उन्होंने नैनपुर में सभी श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की है। इसके बाद जबलपुर में भोजन की व्यवस्था की गई है। 22 अगस्त को सुबह आठ बजे अयोध्या धाम पहुंचने के बाद विश्व हिंदू परिषद की तीन बड़ी धर्मशालाओं में श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था रहेगी। यहां श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। जो श्रद्धालू सरयू नदी में स्नान करना चाहते है, वह जा सकेंगे। सुबह इन्ही धर्मशालाओं में सुबह का चाय-नाश्ता करने के बाद श्रद्धालु रामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन करने जा सकेंगे। दोपहर लगभग 12 बजे धर्मशाला में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। दोपहर तीन बजे सभी के लिए चाय-नाश्ता की व्यवस्था की गई है। अयोध्या धाम घूमने के बाद सभी श्रद्धालु रात आठ बजे तक इसी विशेष ट्रेन में सवार होकर वापस लौटेंगे। इस दौरा कटनी में भोजन, जबलपुर में चाय-नाश्ता और नैनपुर में भोजन की व्यवस्था की गई है।

# वन विभाग ने घर में दी दबिश, 20 नग अवैध सागौन चिरान जप्त



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

म.प्र. राज्य वन विकास निगम, लिमि. बरघाट परियोजना मण्डल, सिवनी के परियोजना परिक्षेत्र कान्हीवाड़ा अंतर्गत दिनांक 19.08.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर संभागीय प्रबंधक डेविड व्यंक्टराव चनाप एवं उप संभागीय प्रबंधक अनिल कुमार क्षत्रिय के निर्देशन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी कान्हीवाड़ा दिनेश झारिया एवं उनके अधिनस्थ वन अमलें द्वारा परियोजना परिक्षेत्र कान्हीवाड़ा, वृत्त बम्होड़ी अंतर्गत भाटीवाड़ा बीट के आने वाले ग्राम खापा, तह. सिवनी जिला सिवनी निवासी प्रदीप बामनिया आत्मज शिवराम बामनिया, ग्राम खापा के घर की तालाशी के दौरान अवैध रूप से रखी गई सागौन चिरान 20 नग 0.122 घन.मी, अनुमानित कीमत लगभग 16,000 एवं उपयोगी औजार जप्त कर, भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत उक्त आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

उक्त कार्यवाही में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश झारिया के साथ रज्जन सिंह उडक़रे वनपाल, चैनसिंह उईके वनरक्षक, राजेन्द्र बिसेन स्थाईकर्मी, सुरक्षा श्रमिक थानसिंह, तातू मलावी, एवं अन्य सुरक्षा श्रमिकों का सराहनीय योगदान रहा।

### इधर, गश्ती दल देख सागौन तस्कर फरार, 5 नग सागौन लट्ठे जप्त

म.प्र. राज्य वन विकास निगम, लिगि. बरघाट परियोजना मण्डल, सिवनी संभागीय प्रबंधक डेविड व्यंक्टराव चनाप एवं उप संभागीय प्रबंधक अनिल कुमार क्षत्रिय के निर्देशन में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी कान्हीवाड़ा दिनेश झारिया एवं उनके अधिनस्थ वन अगलें द्वारा लगातार रात्रि गश्ती की जा रही है। दिनांक 18.08.2025 को प्रतिदिन गश्ती अनुसार परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन अमले द्वारा गश्ती की जा रही थी, गश्ती के दौरान प्रातः लगभग 7.50 बजे परियोजना परिक्षेत्र कान्हीवाड़ा की बीट गोडिहिनौतिया अंतर्गत



कक्ष क्र. 669 ग्राम खुर्सीपार के समीप गार्ग पर बहुमूल्य सागौन ईमारती काष्ठ लट्टे, मोटर साईकिल से अवैध परिवहन करते हुए 02 व्यक्तियों को देखा गया, अमले को देख वाहन एवं वनोपज छोड़कर आरोपी मौके से फरार हो गये। आरोपियों के वाहन में बंधे 05 नग सागौन लट्ठा 0,429 घ.मी. अनुमानित कीमत लगभग 20,000/- एवं 01 नग मोटर साईकिल बजाज डिस्कवर जप्त कर, भारतीय यन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत उक्त आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। फरार 02 आरोपियों की सतत तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी श्री दिनेश झारिया के साथ श्री रज्जन सिंह उड़करे वनपाल, श्री चैनसिंह उईके वनरक्षक, श्री एवन बनवाले स्थाईकर्मी, एवं सुरक्षा श्रमिक श्री अमीरचंद, तातू भलावी, एवं सियाराम का सराहनीय योगदान रहा।



# मेटेवानी खवासा चेकपोस्ट पर युवक की मौत, चेकपोस्ट बंद करने की मांग

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विकासखंड कुरई अंतर्गत बीती रात सिवनी जिले के मेटेवानी चेकपोस्ट पर क्रञ्ञ्ह की अवैध वसूली के लिए हुए ट्रैफिक जाम से एक और निर्दोष की जान जाने का आरोप ग्रामवासियों ने लगाते हुए चेकपोस्ट बंद किये जाने की मांग मंगलवार को की। जिसके विरोध में निम्न मांगों के पर ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन जारी है।मृतक परिवार को न्याय व मुआवजा मिले। दोषी आरटीओ अधिकारियों पर फौरन कार्रवाई हो। अवैध वसूली पर तुरंत रोक लगे

## नर्सिंग आफिसर ईशरत बानों हुई सम्मानित



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केवलारी में पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर इशरत बानो को स्वास्थ्य सेवाओं के सफल क्रियान्यन में प्रशंसनीय कार्य करने पर बीते 15 अगस्त को जिला मुख्यालय के फुटबॉल स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान मुख्य जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी सहित सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय सिवनी उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इशरत बानों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा भी प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। इशरत बानों को सम्मानित किये जाने से उनके शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

# सिवनी की किक बॉक्सिंग टीम ने भोपाल में लहराया परचम, जीते 10 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में 17 अगस्त 2025 को आयोजित मध्यप्रदेश राज्य जूनियर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिवनी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित किया। राज्य स्तरीय इस भव्य आयोजन में चयनित पाँच खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्गों में दमदार खेल कौशल का परिचय देते हुए कुल 10 स्वर्ण पदक अर्जित किए।

अथर्व कौरव ने लाइट कांटेक्ट एवं किक लाइट इवेंट में अपनी आक्रामक शैली और सटीक तकनीक से दो स्वर्ण पदक हासिल किए। ऐश्वर्या अवधवाल ने अद्भुत फुर्ती और निपुण तकनीक का प्रदर्शन करते हुए लाइट कांटेक्ट तथा किक लाइट दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर सिवनी का मान बढ़ाया। यश बैरागी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया और लाइट कांटेक्ट व किक लाइट दोनों इवेंट में स्वर्ण पदक झटके।




अर्जुन शर्मा ने अपनी ताकत और धारदार आक्रामक खेल से लो किक एवं य1 इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं अनुप्रिया कौरव ने अपने पावरफुल पंच और तकनीकी कौशल से लाइट कांटेक्ट एवं किक लाइट दोनों इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त कर सबको गर्वान्वित किया।

# फुटबाल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु 10 छात्र चयनित

### नगर के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले डी पी सी स्कूल के छात्रों ने फुटबॉल संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना वर्चस्व बरकरार रखा।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दिनांक 19 से 21 अगस्त को आयोजीत फुटबॉल प्रतियोगित जो कटनी जिला में आयोजित हो रही है जिसमें सिवनी जिले के डीपीसी स्कूल की खेल शिक्षिका (ठ्ठद्बह्य) रागिनी कुंभारे के नेतृत्व में 14 वर्ष आयु वर्ग में अवनी श्रीवस्त्री ,स्तुति ठाकुर,कृतिका सनोडिया ,आर्या मर्सकोले,ख्याति सनोडिया,रिया साहू , एवं 17वर्षीय वर्ग में ज़ेनि$फर शेख ,दिशा साहू,हर्षिता सिसोदिया का चयन ,सिवनी जिले की टीम में हुआ । छात्रों की इस सफलता पर संस्थान प्रमुख डॉ के.के चतुर्वेदी जिला क्रीडा प्रभारी जस्सी जी, खेल शिक्षक मनीष चौरसिया एवं समस्त विद्यालय के शिक्षकों अभिभावकों ने टीम की सफलता की कामना की है।




# पेंच टाइगर रिजर्व में बाघ की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी अंतर्गत दिनांक 18/08/2025 को प्रातः 10 बजे ग्रामीण चरवाहे द्वारा परिक्षेत्र खवासा (बफर) की बीट विजयपानी, वन कक्ष क्रमांक पी.एफ.-368 में वन्यजीव बाघ के शव देखे जाने की सूचना बीटगार्ड विजयपानी को दी गई। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल ही बीटगार्ड द्वारा मौके स्थल पर पहुंचकर शव की पुष्टि की गई। शव लगभग दो दिवस पुराना प्रतीत हो रहा था। सूचना प्राप्ती होने पर टाइगर रिजर्व के अन्य अधिकारी एवं डॉग स्क्वॉयड मौके पर पहुंचे एवं घटना स्थरल के चारों तरफ रस्सीका सुरक्षा



घेरा डालकर क्षेत्र को सुरक्षित करने हेतु निर्देशित किया गया। मृत बाघ के शव का निरीक्षण किया गया। बाघ के चारों पंजे में नाखून एवं मुंह में दांत यथावत थे। बाघ के शरीर में एवं गर्दन पर अन्य बाघ के द्वारा दबोचा जाने और घायल किए जाने के कई घाव के निशान लगे थे। शव के निरीक्षण में बाघ का लिंग नर होना पाया गया। डॉग स्वॉकयड की सहायता से घटना स्थल के आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या मानवीय हस्तक्षेप के साक्ष्यी नहीं पाये गये। बाघ के सभी अवयव जैसे दांत, नाखून एवं मूंछ के बाल सहित सुरक्षित पाये गये। जिससे प्रथम दृष्टकया उक्तअ बाघ की मृत्युक आपसी संघर्ष के कारण होना प्रतीत होता है। इस बाघ का पेंच टाइगर रिजर्व के डेटाबेस से मिलान किया गया, यह कैमरा ट्रैप में पहली बार वर्ष 2017 में कैप्चर हुआ था एवं बाघ लगभग 11-12 वर्ष का था।

## भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति के कार्यक्रम मे किया सहभागिता

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने कार्यालय में किया जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने अपने कार्यालय में अनेकों आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिया। आज विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे प्रातः 11:00 बजे से जन सुनवाई किया। तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

इस दौरान मनरेगा अभियंता संघ मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा अपनी मांगों को संबंध मे ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव को पत्र लिखकर निराकरण किये जाने का आग्रह किया।



इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा ग्राम गोपालगंज सोसायटी मे जनसमस्याओं को सुना एवं अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं का निराकरण कराया गया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने रजवाड़ा लान मे भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति के तत्वावधान मे आयोजित कार्यकर्ता बैठक मे सहभागिता किया।

तथा कार्यक्रम मे विराजमान श्री स्वामी परमार्थ देव से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान समिति द्वारा श्री स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मे आयोजित सायकिल वितरण समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए।

जहां पर अतिथि सत्कार के उपरांत आपके करकमलों से 127 छात्राओं को सायकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिको, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जिला स्तरीय रोजगार मेला आज

जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार 20 अगस्त 2025 को जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला प्रात: 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिवनी में आयोजित किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी। कंपनियों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर आदि पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के वे अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई या स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त की हो। आवेदकों को अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची एवं दो पासपोर्ट आकार की फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन ने इच्छुक युवाओं से समय पर पहुंचकर रोजगार अवसर का लाभ लेने की अपील की है, मेले में किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## सरकार संविदा नीति 2023 को लागू करने की मांग

# 2500 संविदा कर्मचारियों ने सामूहिक छुट्टी लेकर किया विरोध प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मंगलवार को लगभग 30 शासकीय विभागों के ढाई हजार संविदा कर्मचारियों ने सामूहिक छुट्टी लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से संविदा नीति 2023 को यथावत लागू करने की मांग की।

भारतीय मजदूर संघ से जुड़े संविदा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक विनोद कुमार वट्टी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के हित में यह नीति लागू की थी। लेकिन विभाग प्रमुखों ने इसे अपने हिसाब से लागू किया।

प्रभावित विभागों में जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, एमपीआरआरडीए, ई-गवर्नेंस, पीएचई और सर्व शिक्षा अभियान शामिल हैं। नीति में कर्मचारियों को 50 प्रतिशत आरक्षण, ग्रेज्युटी, एनपीएस और अनुग्रह राशि जैसे लाभ दिए जाने का प्रावधान था। विभाग प्रमुखों ने इन लाभकारी बिंदुओं को नजरअंदाज किया।

विनोद कुमार वट्टी ने कहा कि विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारी शोषण का शिकार हो रहे हैं। मोर्चा इस स्थिति का विरोध करता है। उनकी मांग है कि सरकार संविदा नीति 2023 को सभी विभागों में पूरी तरह लागू करने की मांग की गई है।

## शासन ने सभी वन ग्रामवासियों के खाते में मुआवजा राशि भेज दी

# लालबर्रा सोनेवानी अभयारण्य से विस्थापित होंगे नवेगांव के 40 आदिवासी परिवार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के लालबर्रा सोनेवानी कनवर्जेशन क्षेत्र से चार वनग्रामों को विस्थापित करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। शासन ने सभी वनग्राम वासियों के खाते में मुआवजा राशि भेज दी है। विस्थापित होने वाले वनग्राम नवेगांव के आदिवासी ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर से मिलकर खैरगोंदी में बसने के लिए भूमि की मांग की।

जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे के नेतृत्व में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। नवेगांव के 40 आदिवासी परिवार साल्हे ग्राम पंचायत के खैरगोंदी में बसना चाहते हैं। इन परिवारों का खैरगोंदी के लोगों से पुराना नाता है। उनकी खेती-बाड़ी भी खैरगोंदी में स्थित है।

जिला पंचायत सदस्य ठाकरे ने बताया कि खैरगोंदी में आबादी की जमीन कम है। उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायत की घासमद भूमि को आबादी में बदला जाए। इससे सभी परिवारों को बसने के लिए पर्याप्त जगह मिल जाएगी। विस्थापित परिवार मिली मुआवजा राशि से अपने मकान बना सकेंगे। इस मांग को लेकर जनसुनवाई में सभी 40 परिवारों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन और कार्यशाला का हुआ आयोजन

**किरनापुर।** जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत उन्नति सूचकांक के विमोचन एवं प्रचार प्रसार के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 18अगस्त को किया गया। कार्यक्रम में पंचायत एवं जिला विकास सूचकांक के 9 विषयों पर जनपद पंचायत अकी औअलग-अलग ग्राम पंचायतों का चयन किया है। सशक्त पंचायत सतत विकास की अवधारणा के साथ पंचायतों को सशक्त बनाने, उनके कामकाज को पारदर्शी और कुशल बनाने कार्य किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस बैठक में विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायत के सचिव ,रोजगार सहायक व सरपंच ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इन्हें पी ए आई 1.0 पंचायत उन्नति सूचकांक विमोचन कार्यशाला का प्रशिक्षण दिया गया।

## कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने डीएफओ के निलंबन की मांग उठाई

# बाघ की मौत और सबूत जलाने के मामले ने पकड़ा तूल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



सोनेवानी अभयारण्य में बाघ की संदिग्ध मौत और उसके शव को जलाकर सबूत मिटाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने गुरुवार को इस मामले को गंभीर बताते हुए एसीएस अशोक वर्णवाल से मुलाकात की और डीएफओ अधर गुप्ता के निलंबन की मांग की। विधायक मुंजारे ने सवाल उठाया कि आखिर अब तक एसडीओ और डीएफओ पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? जबकि एसडीओ के सस्पेंशन का प्रस्ताव वन्य प्राणी शाखा से प्रशासन को भेजा जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएफओ अधर गुप्ता को बचाने की कोशिश की जा रही है और इसमें बिरादरी का खेल होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**क्या है मामला :** सोनेवानी अभयारण्य में एक बाघ की मौत के बाद उसके शव को जला दिया गया था ताकि सबूत नष्ट हो जाएं। इस सनसनीखेज घटना का खुलासा एक व्हाट्सएप पोस्ट के जरिए हुआ, जिसमें बाघ की तस्वीर और लोकेशन साझा की गई थी। जांच में सामने आया कि चौकीदारों ने डिप्टी रेंजर टी.आर. हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे के निर्देश पर शव को जलाया था। चौकीदारों ने कबूल किया कि 27 जुलाई को बाघ का शव मिलने के बाद उसे जंगल के अलग-अलग कक्षों में ले जाया गया और अंततः 29 जुलाई को सूखी लकड़ियां इकट्ठा कर उसे पूरी तरह जला दिया गया। इसके बाद राख को चारों तरफ फैला दिया गया ताकि कोई सबूत न बचे।

**कार्रवाई और जांच:** सच सामने आने के बाद डिप्टी रेंजर टी. आर. हनोते और वनरक्षक हिमांशु घोरमारे को निलंबित कर दिया गया है। वहीं छह चौकीदारों हरिलाल, शिवकुमार सिंह, शैलेश सिंह, अनुज, मान सलामे और देव सिंह कुमरे को आरोपी बनाया गया है। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने भी निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर आरोप मढ़कर असली जिम्मेदार अफसरों को बचाया नहीं जा सकता। वन विभाग के एसडीओ बी. आर. सिरसाम ने पुष्टि की कि मामले में मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन हुआ है।

# एकता क्लब नेवरगांव (वा) के द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** वारासिवनी मुख्यालय से 5किमी समीप ग्राम नेवरगांव वा मे 19 अगस्त को एकता क्लब नेवरगांव वा के द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय ग्राम पंचायत भवन मे किया गया जिसमे 38 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। आनंद गेड़ाम, प्रहलाद भगत, खिलेश टेम्भरे, अजय नेवारे, आशीष सोनी, धर्मेंद्र रामटेके, असफाक अली, मोहसिन शेख, हर्षित पारधी, पंकज वासनिक, स्वप्निल वासनिक, हिमांशु चचाने, यकीन चौधरी, राजेंद्र ठाकरे, धर्मेंद्र चौधरी, योगेंद्र पटले, नितिन बनवाले, शशांक भगत, महेश पटले, विक्रमदित्य बिसेन, सृजल गौतम, दीपक सोनी, धनसीह उइके, सुरेन्द्र पटले, अनिल बनवाले, अंकुश रहाँगडाले, महेश दखने, आर्यन करसरपे, महेश डहरवाल, फिरोज खान, बिट्टू ठाकरे, आदित्य पारधी, मोनाली पारधी, हर्षद पटले, अखिलेश सहारे, अखिलेशबनवाले प्रियांशु पटले के द्वारा रक्तदान किया गया। जिसमे एक ही परिवार के भाई भाई, पति पत्नी तथा पिता पुत्र ने भीं इस अभियान मे भाग लिया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल मिलाकर 38 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो ज़रूरतमंद रोगियों के जीवन को बचाने में सहायक सिद्ध होगा।रक्तदान शिविर में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम मौजूद रही, जिन्होंने दाताओं की स्वास्थ्य जाँच कर सुरक्षित तरीके से रक्तदान कराया। शिविर के दौरान सक्लब के सदस्यों ने लोगों को रक्तदान के महत्व और नियमित रक्तदान के लाभों के बारे में जानकारी भी दी।"रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। आज का शिविर समाज में मानवीय संवेदनाओं और सहयोग की सच्ची मिसाल है।"इस अवसर पर एकता क्लब के अध्यक्ष रमेश धुर्वे, उपाध्यक्ष प्रमोद हनवत, नासिर खान, कोषाध्यक्ष मसूद खान सचिव विकास मेश्राम, जनपद सदस्य गुलेन्द्र भगत, सुरेन्द्र राणा, विजय दखने क्लब के संरक्षक नरेंद्र बिसेन, जितेंद्र सोनवाने, यकीन चौधरी, भैरव प्रसाद टेम्भरे, चंद्रशेखर पारधी, सुशील दखने, मुनेश्वर मात्रे, मनोक उइके, महेश एड़े, आशा कार्यकर्त्ता आशा बोपचे एवं पूजा खड़ंसे, हर्षित बोपचे तथा क्लब के सदस्यों का योगदान दिया। सभी रक्तदान कर्ताओ को जिला चिकित्सालय बालाघाट के द्वारा प्रमाण पत्र एवं क्लब के द्वारा प्रशस्ती पत्र दिया गया साथ ही जूस एवं फल आहार वितरित किये गए सहयोगियों और रक्तदाताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

# दी बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया का शपथ समारोह संपन्न

## अध्यक्षों की नियुक्ति की हुई घोषणा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ़ इंडिया केंद्रीय पदाधिकारी मुंबई द्वारा 11 जुलाई 2025 के आदेशाअनुसार सदाशिव सोनटक्के रिटायर्ड चीफ मैनेजर बैंक आफ महाराष्ट्र को भारतीय बौद्ध महासभा मध्य प्रदेश का प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है 1 वही बालाघाट दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं द्वारा 27 जुलाई 2025 को सम्माननीय सदाशिव सोनटक्के प्रांतध्यक्ष मध्यप्रदेश का समता भवन पंचशील बुद्ध विहार बालाघाट में उनका अभिनंदन स्वागत समारोह संपन्न किया गया । इसके पश्चात माननीय प्रांतध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा जिला ,तहसील , विकासखंड स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की गई। वही दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला शाखा बालाघाट द्वारा 9 अगस्त 2025 को समता भवन बूढ़ी बालाघाट में पदाधिकारी को संस्था के उपविधि अनुसार तन ,मन ,धन एवं समय देकर कार्य करने की शपथ एडवोकेट वीणा डोंगरे प्रांतीय उपाध्यक्ष द्वारा दिलाई गई। इसके पश्चात हंसराज मेश्राम प्रांतीय संरक्षक तथा एल डी मेश्राम प्रांतीय उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं नेतृत्व , मार्गदर्शन में विश्व आदिवासी दिवस की मंगल कामनाओं के साथ समारोह संपन्न किया गया तथा इस समारोह में सभी पदाधिकारी को शपथ भी दिलाई गई इस आयोजन में इंजीनियर धर्मेंद्र रामटेक जिला संरक्षक, एम. आर. रामटेक जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश मेश्राम, प्रीति कांबले, कल्पना वासनिक, दिलीप मेश्राम, पंकज डोंगरे बालाघाट तहसील अध्यक्ष, राजेश रंगारी महासचिव, माधुरी किरण मेश्राम कोषाध्यक्ष, रंजीत गजभिए संगठक, बी. ऊके संघटक, प्रतिलाल टवरे सचिव, विमल भालेराव सचिव, करुणा रामटेक वारासिवनी तहसील अध्यक्ष, दीपक निकूसे किरनापुर तहसील अध्यक्ष, दिलीप मेश्राम जिला संस्कारकर्ता , संजय गेडाम, निंदेवाड़ा सर्किल अध्यक्ष कार्यक्रम आयोजन में सराहनीय उपस्थिति रही ।

# आरंभा मे 26 अगस्त को नेत्र शिविर का होगा आयोजन, खैरलांजी में संपन्न



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** 19 अगस्त को शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डा. बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में किया गया । निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में 70 नेत्र रोगियो ने ओपीडी में पंजीयन कर उपचार कर उचित परामर्श प्राप्त किया। जिसमें से 55 नेत्र मरीजो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिसमे से 35 नेत्र रोगीयो को आपरेशन के लिए जबलपुर रवाना किया गया,बाकि मरीजो को शीघ्र आपरेशन के लिए भेजा जाएगा। नेत्र चिकित्सक डा. टी.एस.बिसेन ने बताया की निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया। नेत्र रोगियो को लाभान्वित करने के लिए आगामी 26 अगस्त को आरंभा मे निशुल्क नेत्र शिविर होगा। विगत दिवस मिरगपुर, आरभा, अमई,खैरलांजी ,कटोरी सहित अन्य स्कुलो में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर बच्चो के आंखो की जांच कर चश्मे के नबंर दिए गए। शासन के द्वारा निशुल्क चश्मे बनाकर कर बच्चो को जल्दी ही निशुल्क वितरण किया जाएगा।

# शासकीय बालक उमावि हट्टा में मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक हट्टा में बड़े ही धूमधाम व पारंपरिक रीति से जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेड़े ने भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विधि-विधान से पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चात विद्यालय के शिक्षक डॉ. योगेश बिसेन के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व तथा उनके जन्म के उद्देश्य पर विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विद्यालय के ही शिक्षक बी. आर. महंत ने श्रीकृष्ण के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से सारे वातावरण को संगीतमय किया। संगीतमय प्रस्तुति के बाद विद्यालय के प्रांगण में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ अपनी-अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर श्रीकृष्ण और राधा के परिधान में कक्षा 11वीं की छात्राएँ कु. दुर्गेश्वरी पारधी व कु. पलक डेकाटे प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रामेश्वरी तुमसरे ने किया।

# लांजी पुलिस की तत्परता से हत्या की नियत से हमला करने वाले तीनों आरोपी गिरफ्तार

## महज 3 घंटे में पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त आलाजर्रर भी किया गया जप्त

हरिभूमि न्यूज लांजी।



पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा के निर्देश पर लांजी पुलिस ने हत्या की नियत से हमला करने वाले तीनों आरोपियों को महज 03 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी ओम प्रकाश के नेतृत्व में की गई। पुलिस को दी गई रिपोर्ट के अनुसार, दिनांक 18 अगस्त को फरियादी दुर्गेश रावते पिता गुलाबजी रावते निवासी ग्राम सावरीकला थाना लांजी ने थाना लांजी में रिपोर्ट लेख कराई कि ग्राम सावरीकला में गणेश मंदिर के पास लोकेश कामडे, सतीश कामडे और धनीराम कामडे ने उन पर जान से मारने की नियत से हमला किया था। आरोपियों ने फरियादी को मां-बहन की गंदी गंदी अश्लील गाली देते हुए लाठी और डंडे से जान से मारने की नियत से हमला किया था, जिससे फ रियादी के सिर में गंभीर चोट और खून निकला एवं शरीर में अन्य जगह भी चोटें आईं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी श्री ओम प्रकाश ने तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सूझबूझ और सहयोग से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त आलाजर्रर को भी जप्त किया गया। इस प्रकरण में थाना लांजी में अपराध क्रमांक 193/2025 धारा 307, 294, 109, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि संजय सिंह किरार, उनि विधि पान्डेय, आर आशुतोष, आर दिलीप यादव, आर चेतन सोनी, आर सुजीत पाल, आर रूपसिंह रावत और आर पवन धाकड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस तत्परता और कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

# कुम्हली में वीरांगना रानी अंवतिबाई लोधी की जयंती समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुम्हली में सोमवार को अखिल भारतीय लोधी महासभा के तत्वावधान में वीरांगना रानी अंवतिबाई लोधी की जन्म जयंति समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना रानी अंवतिबाई लोधी के छायाचित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित किया गया और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता व समाजसेवी अजाब शास्त्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विरांगना रानी अंवतिबाई लोधी के इतिहास और प्रेरणादायक कार्यो की जानकारी दी।साथ महापुरुषो के आदर्श और विचारो से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। समाजसेवी युवराज बघेले ने कहा की शिक्षा से ही सामाजिक और आर्थिक विकास होगा। इसलिए बच्चो को खुब पढाए और लिखाए ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लिल्हारे अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की जीवन में कठिन परिश्रम से ही सफलता हासिल की जा सकती है। इसलिए मेहनत करना आवश्यक है। बच्चे,और युवा महापुरुषो से प्रेरणा लेकर आगे बढे और गलत सेवन से दूरी बनाए। साथ ही पढाई लिखाई पर विशेष ध्यान केंद्रित करे। समाजसेवी देवराज भोयर ने समाज के उत्थान और विकास की बात कही साथ ही शिक्षा के प्रति सबको प्रोत्साहित करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्रीमती मंजुसा कुजांम सरपंच, अजाब शास्त्री कार्यक्रम अध्यक्ष शास्त्री,निलू दमाहे, देवराज भोयर, मंगलेश माहूले उपसरपंच, अभिमन्यु सेलोकर ,महेंद्र माहूले, सत्यवान बघेले प्राचार्य, अभिषेक सेलोकर,रोशन लाल लिल्हारे ब्लॉक उपाध्यक्ष अभलोधी महासभा खैरलांजी, युवराज बघेले ब्लॉक सहसचिव अखिल भारतीय लोधी महासभा खैरलांजी, जीवनलाल बनोटे, देवलाल लिल्हारे, मुन्ना मंदरेले, रमेश मंदरेले, सुनिल कनसरे समाजसेवी ,झनकलाल बनोटे,खिलेंद्र लिल्हारे, पवन बघेले, महेंद्र बघेले,रतन डायरे, बंटी मस्करे, अमरेश बघेले डेविड सेलोकर सहित अन्य सामाजिक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।




